प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 18.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना बिलारी पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.11.2024 को वादी हप्पू सिंह पुत्र बद्री सिंह निवासी ग्राम नौसेना थाना बिलारी मुरादाबाद ने अभियुक्तगण (ससुरालीजन) द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करना तथा मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 712/2024 धारा-85/80(2) बी.एन.एस व 3/4 दहेज अधिनियम पंजीकृत किया गया है। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 18.11.2024 को उ0नि0 कुलदीप कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल आरोपी (पति) वेदराम पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम नौसेना थाना बिलारी मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

वेदराम पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम नौसेना थाना बिलारी मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 कुलदीप कुमार

कां0 सुमित कुमार थाना बिलारी, मुरादाबाद।

2- अवैध नशीली गोलियों के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.11.2024 को उ0नि0 कृष्ण कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त शहजाद उर्फ नन्हा पुत्र अव्दुल वहीद निवासी ईदगांह फाटक वाली गली गलशहीद थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 10 पत्ते (कुल 100 टैबलेट) Alprazolam tablet IP 0.50mg व 6820 रूपये नकद बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना कटघर पर मु0अ0सं0-662/2024 धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

शहजाद उर्फ नन्हा पुत्र अव्दुल वहीद निवासी ईदगांह फाटक वाली गली गलशहीद थाना गलशहीद, मुरादाबाद

बरामदगीः-

(कुल 100 टैबलेट) Alprazolam tablet IP 0.50mg व 6820 रूपये नकद

आपराधिक इतिहासः-

1-मु0अ0सं0 13/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम

2-मु0अ0सं0 170/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 कृष्ण कुमार

हे0का0 ब्रजेश कुमार,

हे0का0 राजकुमार

का0 कुलदीप कुमार व कां0 अनुज कुमार थाना कटघर, मुरादाबाद।

3-थाना नागफनी पुलिस द्वारा, 01 और हत्यारोपी को गिरफ्तार किया गया-

अवगत कराना है कि दिनांक 15.11.2024 को वादी मौ0 मोहसीन पुत्र स्व0 मौ0 रफीक निवासी मैराज वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादी के भाई की चाकू मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना नागफनी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना नागफनी पर मु0अ0सं0–278/2024 धारा-191(2),191(3),190,103(1)बीएनएस पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 15.11.2024 को अभियुक्त इकराम पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम में आज दिनांक 18.11.2024 को थाना नागफनी पुलिस द्वारा 01 और आरोपी दिलशाद पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया,जिसके कब्जे से आला कत्ल एक अवैध चाकू बरामद किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

दिलशाद पुत्र शमशाद निवासी अन्डे वाली गली दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद

बरामदगीः-

आला कत्ल एक अवैध चाकू

गिरफ्तार करने वाली टीम-

प्र0नि0 सुनील कुमार

उ0नि0 सलाउद्दीन

उ0नि0 अंकुर मलिक

का0 आकाश कुमार

का0 अर्जुन कुमार थाना नागफनी, मुरादाबाद।

4-थाना बिलारी पुलिस द्वारा वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा वांछित/ वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.11.2024 को उ0नि0 हितेश कुमार थाना बिलारी द्वारा वारण्टी अभियुक्त रुकम सिंह पुत्र मुकुट सिंह निवासी ग्राम बनियाठेर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0अ0सं0-307/19 धारा 325/504/506 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वारंटीः-

रुकम सिंह पुत्र मुकुट सिंह निवासी ग्राम बनियाठेर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 हिमेश कुमार

का0 अतुल कुमार थाना बिलारी मुरादाबाद

5-कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.11.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपी **1-नन्हे उर्फ ओमप्रकाश पुत्र पातिराम निवासी कमला विहार पितलबस्ती थाना कटघर जनपद, मुरादाबाद 2-अर्जुन पुत्र रमेश निवासी हनुमान मूर्ति के पास रम्भू शम्भू की फैक्ट्री के पास थाना कटघर, मुरादाबाद** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।